16/559

# बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन,लि0

खाद्य भवन, दारोगा राय पथ, आर,ब्लॉक रोड नं0–2 पटना 800001

## कार्यालय आदेश।

राज्य खाद्य निगम में End to End Computerization के तहत् आई0टी0 आधारित Supply Chain Management की व्यवस्था लागू है। e-PDS अन्तर्गत विभाग द्वारा निर्गत खाद्यान्न कैलेण्डर के आधार पर आवंटन स्वीकृति, ई–चालान निर्माण, एस0आई0ओ0 निर्माण एवं निर्गमन, जी0पी0एस0 एवं लोड सेल के माध्यम से डोर स्टेप डिलेवरी योजना 2016 का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। e-Procurement के अन्तर्गत मिलरो का पंजीकरण, पैक्सो को स्वीकृत्यादेश/ सी0एम0आर0 प्राप्ति एवं सी0एम0आर0 प्राप्ति के विरूद्ध पैक्सों को भुगतान आदि से संबंधित कार्य सम्पादित किये जाते हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अन्य योजनाओं के तहत् आवंटित खाद्यान्न का भारतीय खाद्य निगम गोदाम से राज्य खाद्य निगम गोदाम, पुनः निगम गोदाम से जन वितरण प्रणाली की दूकान/गोदाम तक उठाव, परिवहन, भंडारण एवं निर्गमन में पारदर्शिता लाने हेतु निगम में 'जन वितरण अन्न पर्यवेक्षण तंत्र" त्रिस्तरीय पर्यवेक्षण कवच की व्यवस्था लागू है जिसमें खाद्यान्न ढुलाई करनेवाले वाहनों का जी0पी0एस0 एवं लोड सेल पर्यवेक्षण, खाद्यान्न का प्रारंभ से गंतव्य स्थान तक एस0एम0एस0 के माध्यम से पर्यवेक्षण एवं दैनिक भंडार प्रतिवेदन पर्यवेक्षण शामिल है।

जी0पी0एस0 एवं लोड सेल युक्त वाहनों के पर्यवेक्षण से संबंधित प्रतिवेदन उपमहाप्रबंधक (आधुनिकीकरण), पी0डी0एस0 से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन, महाप्रबंधक जन वितरण एवं अधिप्राप्ति से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन, महाप्रबंधक अधिप्राप्ति को उपलब्ध कराया जाना है। Load shell, जी0पी0एस0 से विचलन एवं SMS Default से दैनिक प्रतिवेदन उसी तिथि को समीक्षा कर परिवहन सह हथालन अभिकर्त्ता एवं दोषी कर्मी/पदाधिकारीयों पर कार्रवाई प्रारंभ कराया जाना है।

बिहार राज्य खाद्य निगम के प्रशासनिक पुनर्गठन के फलस्वरूप मुख्यालय स्तर पर निम्नलिखित प्रतिवेदन प्रतिदिन निम्नलिखित पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।

| क्र0 | दैनिक प्रतिवेदन | प्राधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | I. FCI/SFC (CMR) से एस0एफ0सी0 (टी0पी0डी0एस0) दैनिक उठाव प्रतिवेदन। | 1 मुख्य महाप्रबंधक (जन वितरण)<br>2 महाप्रबंधक(जन वितरण) |
| 2 | I. SFC से पी0डी0एस0 दैनिक उठाव प्रतिवेदन।<br>II. जन वितरण विक्रेता का आवंटन।<br>III. ई0–चालान निर्माण।<br>IV. जन वितरण विक्रेता द्वारा जमा राशि।<br>V. एस0आई0ओ0 निर्माण।<br>VI. एस0आई0ओ0 निर्गमन।<br>VII. जन वितरण से संबंधित अन्य सभी संदर्भित प्रतिवेदन। | |
| 3 | अधिप्राप्ति से संबंधित प्रतिवेदन।<br>I. मिलरो का पंजीकरण प्रतिवेदन।<br>II. निगम द्वारा पैक्सों को दिया गया स्वीकृत्यादेश।<br>III. सी0एम0आर0 प्राप्ति प्रतिवेदन।<br>IV. सी0एम0आर0 प्राप्ति के विरूद्ध पैक्सो को भुगतान।<br>V. Acceptance Note की प्राप्ति अपर जिला प्रबंधक | 1 मुख्य महाप्रबंधक (अधिप्राप्ति)<br>2 महाप्रबंधक(अधिप्राप्ति) |

Aj

5/11/2017

| | | |
|---|---|---|
| | द्वारा पर्यवेक्षण प्रतिवेदन। | |
| 4 | जी0पी0एस0/लोड सेल/एस0एम0एस0 अनुश्रवण से संबंधित प्रतिवेदन। | महाप्रबंधक आधुनिकीकरण एवं उप महाप्रबंधक आधुनिकीकरण। |
| 5 | (क) सी0एम0आर0 गोदाम का दैनिक भंडार प्रतिवेदन<br>(ख) टी0पी0डी0एस0 गोदाम का दैनिक भंडार प्रतिवेदन | मुख्य महाप्रबंधक (ज0वि0प्र0) एवं महाप्रबंधक (भंडारण) |

इसी प्रकार सभी जिला स्थित Supply Chain management अन्तर्गत जिला नियंत्रण कक्ष, जन वितरण एवं अधिप्राप्ति सम्बन्धित डैस बोर्ड के माध्यम से प्रतिवेदन जिला प्रबंधक/अपर जिला प्रबंधक(अधिप्राप्ति)(अपर जिला प्रबधंक (जन वितरण) को दैनिक रूप से प्रतिवेदन देगा।

सभी संदर्भित पदाधिकारी दैनिक रूप से निगम के संदर्भित कार्यो का प्रभावी अनुश्रवण पर्यवेक्षण एवं कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के पुर्नगढन के फलस्वरूप राष्ट्रीय खाद्य एवं सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आवंटित एवं केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा आवंटित खाद्यान्न का भारतीय खाद्य निगम से राज्य खाद्य निगम के गोदामों तक पुनः जन वितरण प्रणाली तक उठाव, परिवहन, भंडारण एवं निर्गमन में पारदर्शिता लाने हेतु "जन वितरण प्रणाली अन्न पर्यवेक्षण तंत्र" त्रिस्तरीय पर्यवेक्षण कवच को लागू करने की व्यवस्था की गयी है। एतद्संबंधी निगम मुख्यालय के कार्यालय आदेश 2953 दिनांक-02.03.2016 से विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किया गया है। (छायाप्रति संलग्न)

"जन वितरण प्रणाली अन्न पर्यवेक्षण कवच" "त्रिस्तरीय पर्यवेक्षण कवच" को पूरी पारदर्शिता से लागू करने, जी0पी0एस0 मोनिटरिंग को प्रभावकारी बनाने हेतु मुख्यालय स्तर पर 24 X 7 नियंत्रण कक्ष स्थापित की गयी है, जिसका ऑन लाईन सेवा प्रदाता 4G आई0टी0 सोल्यूशन एवं बिहार राज्य खाद्य निगम के एक एक पदाधिकारी संयुक्त रूप से सार्थक मोनिटरिंग करेंगे। जी0पी0एस0 युक्त वाहन के विनिर्दिष्ट पथ से विचलन होने से संबंधित एस0एम0एस0 का लगातार पल-पल पर्यवेक्षण कर वैसे वाहनों का क्षेत्रीय पदाधिकारीयों के माध्यम से सत्यापन एवं एतद्संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित कराने हेतु मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में निम्न रूप से वरीय पदाधिकारीयों की एक समिति गठित की जाती है, जिसमें निम्न रूप से पदाधिकारी होंगे :-

1. महाप्रबंधक (आधुनिकीकरण) - अध्यक्ष
2. उप महाप्रबंधक (परिवहन) - सदस्य
3. उप महाप्रबंधक (आधुनिकीकरण) - सदस्य

उपरोक्त समिति तत्संबंधी निर्गत आदेश संख्या 2953 दिनांक 02.03.2016 के निदेश का अक्षरशः अनुपालन करेगा।

**यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागु होगा।**

(हस्ताक्षर) 25/11/17
प्रबंध निदेशक।

ज्ञापांकः- 12007 दिनांक 25/11/17
प्रतिलिपिः- सभी जिला प्रबंधक, बिहार, सभी आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 25/11/17
प्रबंध निदेशक।

ज्ञापांकः- 12007 दिनांक 25/11/17
प्रतिलिपिः- सभी मुख्य महाप्रबंधक/सभी महाप्रबंधक/सभी उपमहाप्रबंधक/सभी प्रभाग/प्रशाखा मुख्यालय पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 25/11/17
प्रबंध निदेशक।

Aj